विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

बी.ए. प्रथम सेमेस्टर प्रवेश 2023–24

(पासकोर्स एवं ऑनर्स एकीकृत)

प्रवेश संबंधित सूचना

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुपालना में सत्र 2023–24 से वार्षिक पद्धति के स्थान पर सेमेस्टर प्रणाली लागू होगी।
2. बी.ए. स्नातक पाठ्यक्रम छः सेमेस्टर (03 वर्ष) का होगा तथा इस स्थिति में पृथक से बी.ए. ऑनर्स पाठ्यक्रम न चलाया जाकर तीन वर्ष का बी.ए. स्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर विद्यार्थी द्वारा स्नातक चतुर्थ वर्ष (कुल 08 सेमेस्टर) पूर्ण करने पर उसे बी.ए. ऑनर्स की उपाधि दी जाएगी।
3. महाविद्यालय के सूचना पट्ट एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित अस्थायी वरीयता सूची का अवलोकन कर लें। इस सूची में बी.ए. पासकोर्स तथा ऑनर्स दोनों ही प्रकार के आवेदकों को एक ही सूची में सम्मिलित कर लिया गया है।
4. वरीयता सूची के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो महाविद्यालय की खिड़की नम्बर 2 पर अथवा ईमेल आई.डी. student.ucssh@mlsu.ac.in पर दिनांक 11.7.2023 सायं 4.00 बजे तक संबंधित दस्तावेजों और चालान नंबर सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। इसके पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
5. अंतिम वरीयता सूची और काउंसलिंग विवरण वरीयतानुसार शीघ्र ही वेबसाइट एवं महाविद्यालय सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जाएगा। अतः सूचना पट्ट और वेबसाइट का अवलोकन नियमित रूप से करते रहें।
6. काउंसलिंग ऑफलाइन होगी तथा आवेदक को अपने वरीयता क्रमांक के अनुसार दिए गए समय एवं तिथि को (आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मय समस्त मूल दस्तावेजों, उनकी स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपि एवं नकद फीस के साथ) स्वयं उपस्थित होना होगा।
7. विषयों की उपलब्धता स्वीकृत सीटों एवं ग्रुप विभाजन पर निर्भर करती है।
8. वांछित विषय सामान्य शुल्क पर नहीं मिलने पर आवेदक स्ववित्तपोषित (SFS) सीटों पर निर्धारित विषयों में प्रवेश ले सकेगा।
9. SFS विषयों की कक्षाएँ दोपहर 02 बजे से संचालित होंगी।
10. कृपया प्रवेश संबंधी सूचनाओं हेतु विश्वविद्यालय वेबसाइट और महाविद्यालय सूचना पट्ट देखते रहें।

अधिष्ठाता

DEAN
University College of
Social Sciences & Humanities
UDAIPUR